



# पितरों के मोक्ष के लिए श्रद्धालुओं ने भगवान कामतानाथ के किए दर्शन

## वनवास काल में भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में किया था पिता राजा दशरथ का तर्पण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 21 सितंबर। पितृ विसर्जनी अमावस्या के उपलक्ष्य पर देश भर से लाखों लोग भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के रामघाट पहुंचे और देव गंगा मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद पूरे विधि विधान के साथ अपने पितरों का तर्पण कर पिंड दान किया। साथ ही पूर्वजों के मोक्ष्य की कामना को लेकर भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन और पूजन किए।**

पितृ विसर्जनी अमावस्या को लेकर यहां लगने वाले मेले के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

चित्रकूट के प्रमुख संत एवं दिगम्बर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास महाराज ने पितृ विसर्जनी अमावस्या के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ है, जहां प्रभु श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 वर्ष का समय व्यतीत किया था। वनवास के दौरान ही त्रेता युग में भगवान श्री राम ने यहां देव गंगा मंदाकिनी





रामघाट में अपने पिता राजा दशरथ का तर्पण एवं पिंडदान किया था। इसके बाद से ही चित्रकूट में पिंडदान की परंपरा शुरू हुई थी। लोगों की मान्यता है कि चित्रकूट में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मध्य प्रदेश के सीधी जनपद से आए सुभाष द्विवेदी ने बताया कि पितृ विसर्जनी अमावस्या पर चित्रकूट को लेकर बहुत बड़ी मान्यता है कि मंदाकिनी में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है।पितृ विसर्जनी अमावस्या पर चित्रकूट में आने वाली भीड़ को लेकर एडीएम स्वप्निल कुमार और नगर पालिका के ईओ लालजी यादव के साथ अन्य अधिकारीगण रामघाट पर मंदाकिनी नदी के तट पर मेला व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने बताया कि पितृ विसर्जनी अमावस्या को लेकर जिला प्रशासन की ओर से रामघाट और कामदगिरि परिक्रमा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था इसके अलावा मंदाकिनी गंगा में स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए गोताखोरों की तैनाती की गई है। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामघाट और कामदगिरि परिक्रमा में खोया पाया केंद्र स्थापित किया गया है।

# काली घाटी में हुई मुठभेड़ में दबोचे गए पशु तस्कर को नहीं मिली जमानत

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21 सितम्बर। मानिकपुर क्षेत्र की काली घाटी में मवेशी चोरों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए आरोपी की जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी है।**

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 30 अगस्त को मानिकपुर थाने में प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मानिकपुर थाना प्रभारी के अनुसार बीती 29 अगस्त की रात उन्हें सूचना मिली थी कि भैंस चोरी करने वाला अपराधियों का गैंग लोडर और एक प्राइवेट छोटे वाहन के साथ मानिकपुर क्षेत्र की काली घाटी में ठहरता है। यहां छिपाई गई भैंसों को गाडियों के जरिए मध्य प्रदेश की ओर भेज दिया जाता है। भैंस चोरी के उद्देश्य से गैंग के क्षेत्र में घूमने की सूचना पर वह अलग-अलग पुलिस टीमों के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कुछ लोग जानवरों को गाडियों के जरिए भेजने की बात कर रहे थे। इस पर पुलिस बल ने वहां मौजूद लोगों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरु कर दी। जिसमें एसओजी टीम का एक सिपाही ज्ञानेश मिश्रा दाहिने हाथ में गोली लगने से घायल हो गया।

> ▶ सतना के निवासी चार आरोपी भी थे शामिल

इसके बाद पुलिस ने वहां से भाग रहे तीन बदमाशों को घेरकर पकड़ लिया। साथ ही फायरिंग के दौरान घायल हुए दो बदमाशों को भी पकड़ लिया।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मोहम्मद अयान, अंकुल यादव, विजय सिंह चौहान व चोटहिल अवस्था में नूर आलम व जफर अली को पकड़ा था। जिनके पास से तमंच व कारतूस भी बरामद हुए थे। साथ ही वहां मिली गाड़ियों के कागज भी इन लोगों के पास नहीं मिले। जेल में बंद इन अरोपियों में से मध्य प्रदेश के सतना जिले के सभापुर थाने के नयागांव निवासी राजबहादुर उर्फ अंकुल यादव ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश ने अनुराग कुरील ने इस अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया।

# विवेक तंखा के जन्मदिन पर कुपोषित बच्चों को बांटे गए कपड़े

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितम्बर। आज आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों को कपड़े बांटकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के महाधिवक्ता विवेक तन्खा का जन्मदिन मनाया गया।**

जिस पर नए कपड़े मिलते ही नन्हे नौनिहालों के चेहरे खिल उठे वहीं बच्चों के परिजनों से श्री तंखा के दीर्घाऊ की ईश्वर से कामना की यह कार्य आशुतोष



द्विवेदी सेवा संस्थान के सौजन्य से संपन्न हुआ ज्ञात हो की श्री तंखा के जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष चित्रकूट के प्रथम द्वार मझगवां समाजित कार्य आयोजित होते हैं।

कभी रक्तदान शिविर कभी नन्हे नौनिहालों को पुस्तकें वितरण तो कभी झुग्गी बस्तियों में मिठाईयां बांटकर कार्यकर्ताओं द्वारा श्री तंखा का जन्मदिन मनाया जाता है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के प्रमुख आशुतोष द्विवेदी, रामलखन विश्वकर्मा, रज्जन पांडेय, जावेन्द्र सिंह सोलंकी, ओम द्विवेदी, अभयराज गौतम, हरिओम अग्रवाल, ध्रुव पांडेय, कुलदीप पांडेय सहित कई स्थानीय जन उपस्थित रहे ।

## एक नजर में



### पुस्तक हमारा विंध्य हमें लौटा दो विमोचित

**नागौद।** सुप्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार के . दाहिया की पुस्तक हमारा विंध्य हमें लौटा दो का विमोचन रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा किया गया। के दाहिया ने बताया कि हमारा विंध्य हमें लौटा दो पुस्तक श्रंखला की यह प्रथम पुस्तक है , जिसमें विंध्य प्रदेश के गठन के पहले और विंध्य प्रदेश के दुर्भाग्यपूर्ण अकालमृत्यु की तथआ-व्यथआ से संबंधित आलेखों का संपादन किया गया है। कार्यक्रम दाहिया दहायत समाज के अनेक अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### मझगवां में बरसात में भी नहीं आ रहा नल में जल

**मझगवा।** जनपद पंचायत मझगवां के मुख्यालय की ग्राम पंचायत मझगवां में बरसात होने के बाद भी नल में जल नहीं आ रहा है ।पंचायत के वार्ड नंबर 11? क्रांति नगर और मझगवां के गोदान टोला वार्ड क्रमांक 10 में सालो से पानी की सप्लाई बंद है बताया जा रहा पानी की आपूर्ति करने वाला मोटर पम्प एक साल



से बिगड़ा पड़ा है जिसकी सूचना स्थानीय लोगो के द्वारा सरपंच सचिव को दी गईं है फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। वार्ड क्रमांक 10 के वार्ड सदस्य के द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी शिकायत की गईं जिसे सरपंच सचिव के द्वारा मामले का निदान किए बिना ही बंद करवा दिया गया।




### रामनगर में महिला सहित 35 लोगों ने किया रक्तदान

**रामनगर।** मैहर जिले के रामनगर में शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस आयोजित पर सेवा पखवाड़ा के चौथे दिन भाजपा मैहर जिले के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के नेतृत्व में रामनगर सिविल अस्पताल रामनगर में युवती प्रिया विश्वकर्मा , जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विष्णुकांत पाण्डेय सहित 35 लोगों ने रक्तदान कर अभियान को सफल बनाया। कार्यकम में मैहर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने , भाजपा मंडल अध्यक्ष इंजीनियर प्रियंका सिंह, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, हरीश कांत त्रिपाठी ,विक्रमादित्य सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशतोष गुप्ता ,भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुकांत पाण्डेय बड़वार ,भाजपा मंडल अध्यक्ष नारेन्द सिंह उईके ,पूर्व नप अध्यक्ष रामसुशील पटेल सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ,विजय पटेल बीएमओ डॉ आलोक अवधिया डॉ विनय कुमार रवि डॉ अमित कुमार पटेल ,रामकरण पटेल ,मुमताज खाध (बनारस) ,बब्बू त्रिपाठी, उपेन्द पटेल, विजय यादव बाबा ,विश्वनाथ पटेल सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपास्थित रहे।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर कायस्थ समाज की बैठक आयोजित

**सतना ।** कायस्थ समाज की बैठक खेरमाई रोड स्थित सुधीर निगम के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आनन्द कुमार श्रीवास्तव तथा संचालन दीपक निगम ने किया। सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में



चित्रांश युवा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा युवा अध्यक्ष राज श्रीवास्तव के अनुसार 28 सितम्बर को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय बैठक में लिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम साहित्यिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर निगम, सह-संयोजक सुमित श्रीवास्तव के पास दर्ज करा सकते है। बैठक में विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव,सतीश निगम ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# किसानों को सिखाए गए प्राकृतिक खेती के गुर

## अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान ने आयोजित किया दो दिवसीय प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 21 सितम्बर। मझगवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत भठवा, महतैन, नकैला, शाहपुर बरौंधा, झरी, पिंडरा, पुतरीचुवा के आधा सैकड़ा महिला पुरुष किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां में प्रशिक्षित किया गया।**

यह प्रशिक्षण अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान, सृजन एवं इंडस इंड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां के



डायरेक्टर डॉ. नवीन के द्वारा शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार किसानों को रसायनिक खेती से हटकर गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति ब?, लागत घटे और जैविक उत्पादों की मांग पूरी हो। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ.अखिलेश जागरे ने उपस्थित किसानों को बताया कि हमारे पूर्वज प्राकृतिक खेती करते थे तभी अपना देश कृषि प्रधान देश अर्थात सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है, क्योंकि हमारे किसानों को पशुपालन पर अटूट प्रेम था लोग इंटरक्रॉपिंग, मिक्स्ड क्रॉपिंग, बार्डर क्रॉपिंग कर विभिन्न फसलों का उत्पादन एक साथ लेते रहे हैं जिसे आज हम मोटा अनाज कहते हैं। लोग उसी को खाकर स्वस्थ रहते थे और लंबी आयु तक जीते थे लेकिन आज का किसान गेहूं , सरसों और धान के उत्पादन तक ही सीमित है वह भी रासायनिक खादों पर निर्भर होकर।

इस प्रशिक्षण में संस्थान कार्यकर्ता विंदा प्रसाद, शिवकुमार, विकास कुमार, रामबालक, अनुपम वर्मा, सुधा सिंगरौल, राजकुमारी सभी साथियों ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन मे सराहनीय भूमिका निभाई।

# स्वास्थ शिविर में मिला 568 महिलाओं को लाभ

नवभारत न्यूज

**सतना 21 सितम्बर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाडा में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बिरसिंहपुर में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार के मुख्य आतिथ्य में वृहद स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। शिविर में 568 महिलाओं ने लाभ उठाया।**

शिविर में मेडिकल कॉलेज सतना एवं जिला चिकित्सालय सतना से भी विशेषज्ञ पहुचे। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.देवेश मिश्रा ने बताया की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भूमिका जगवानी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.संजीव प्रजापति, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. यश मिश्रा,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम नामदेव, आयुष



चिकित्सक डॉ. प्रिंसी सिंह और दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ.वेदिका सिंह ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर में कुल 568 मरीजों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रुद्रदत्त पाण्डेय,भापजा मंडल अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, डॉ.सुनील सिंह, डॉ.राखी पाण्डेय, सुपर वाईजर ब्रम्हानंद पाण्डेय लेखापाल सोनू दह्यात सहित आशा कार्यकर्ताएं,स्वास्थ कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहें।

# सड़क सुरक्षा चल रही भगवान भरोसे

## सतना चित्रकूट मार्ग भी जर्जर हो रहा, अकेले कोठी बाईपास में ही सैकड़ों गड्ढे

नवभारत न्यूज

**कोठी 21 सितम्बर। इन दिनों सड़क सुरक्षा भगवान भरोसे ही चल रही है पिछले दिनों हुई बरसात की वजह से सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उनको सही व व्यवस्थित एवं मेंटेनेंस किए जाने पर अभी तक किसी भी विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया हालत यह है कि सड़क जगह-जगह गधों में तब्दील होती जा रही है सुंदरा सेमरिया मार्ग जहां जगह-जगह जर्जर हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर सतना चित्रकूट मार्ग के हाल खस्ता हाल हो रहे हैं ।**

जगह-जगह गड्ढे होते जा रहे हैं जिससे इस रास्ते पर चलने वाले राहगीरों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जहां एक और समय तो दुगना लग ही रहा है वहीं वाहन भी खराब हो रहा है साथ ही ईंधन भी अधिक जल रहा है इसके साथ-साथ वहां के उपकरण भी जल्दी खराब हो रहे हैं साथ ही घटनाओं का भी शिकार हो रहे हैं दो पहिया वाले वाहन चालकों को और अधिक परेशानी हो रही है बड़े वाहनों के चलने से गड्ढे और अधिक बड़े होते जा रहे हैं जिससे बरसात का पानी भी उन गढ़ों में भर जाता है और सड़क सही ढंग से समझ नहीं आती है सड़क के किनारे की पट्टी भी सही नहीं है और कहीं कहीं खरपतवार सड़क तक आ पहुंचा है अकेले कोठी के रोयनी बाईपास में ही 2 किलोमीटर की सड़क में सैकड़ो गड्ढे हैं और कई जगह सड़क भी धसने लगी है नदी पर बने पुलों के भी हालत जर्जर हो रहे हैं सही ढंग से रेलिंग भी नहीं है ना ही सुरक्षा के कोई सही मापदंड निर्धारित किए गए हैं जिससे





कई बार कई घटनाएं घटित भी हो चुकी हैं फिर भी इस दिशा पर कोई ठोस काम नहीं हो रहा है इसी बाईपास पर कोठियार नदी पर पुल बना हुआ है जहां पर जगह-जगह गड्ढे तो हैं ही साथ में पुल के किनारे सही ढंग से रेलिंग नहीं तैयार की गई है जिससे पुल के किनारे का काफी हिस्सा कटा हुआ है जिससे कभी भी घटना हो सकती है आगे चलकर ठंड के दिन आ रहे हैं जिससे कोहरा भी रहता है और कोहरे में सही ढंग से सड़क समझ नहीं आती है इसके साथ-साथ कोठी थाने के समीप इसी नदी पर बने पुल की रेलिंग भी पिछले कई वर्षों से टूटी हुई है वहां भी घटना हो चुकी है परंतु आज तक कोई सुधार नहीं हुआ जब भी कोई बड़ी घटना घटेगी जिम्मेदार इस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए नजर आएंगे जबकि हमारा समाचार पत्र लगातार सड़क सुरक्षा पर समाचार कवरेज कर रहा है पिछले दिनों सतना चित्रकूट मार्ग पर पोंडी के बने पुल पर टूटी हुई रेलिंग का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था और इसके बाद सुंदरा सेमरिया मार्ग जर्जर होने का समाचार भी इसी सप्ताह प्रकाशित किया गया है आज फिर से सतना चित्रकूट मार्ग के जर्जर होने का मामला विभाग के संज्ञान में लाया जा रहा है अब देखना दिलचस्प है की जिम्मेदार इस दिशा पर गहरी नींद से कब जागते हैं क्योंकि गुजरने को तो सभी गुजरते हैं चाहे जिले के कोई भी जिम्मेदार हो जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक या विभागीय परंतु अनदेखी के चलते आम उपभोक्ता इसका शिकार हो रहे हैं और असमय ही सड़क सुरक्षा न होने की वजह से काल के गाल में समा रहे हैं इसके उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं।

# विधायक विक्रम सिंह सहित 51 ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 21 सितम्बर। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत निरंतर भाजपा परिवार द्वारा सेवा अभियानों की श्रृंखला जारी है।**

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बाघेलान में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह के साथ विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ,भाजपा जिला मंत्री दीपनारायण सिंह ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार, जितेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, रामकृष्ण तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ,पार्षद शिवांक त्रिपाठी ,जनपद सदस्य प्रजेश दुबेदी, शिवमोहन सिंह लाला सहित 51 लोगों ने रक्तदान किया। रामपुर विधासभा क्षेत्र के 121 युवाओ ने रक्तदान करने



पहुचे थे लेकिन सतना ब्लड बैंक स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने के कारण 51लोगों ने ही रक्तदान किया।

विधायक श्री सिंह ने कहा रक्तदान महादान हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए जिससे असहायों एवं जरूरतमंन्दो को ब्लड बैक से खून मिल सके रक्तदान एक महादान है हम सभी को सेवा कार्यो में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हुए हम लोगों को रक्तदान करने के लिए लोगो को प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान रामपुर बाघेलान विधायक विधायक विक्रम सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल सिंह ,भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौभाग्य केशरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह ,शैलेंद्र शर्मा, अतुल शुक्ला ,बीएमओ राघवेंन्द्र सिंह गुर्जर ,बीपीएम विनीत सिंह परिहार , बीईई राजेश प्रताप सिंह ,जितेंद्र सिंह, रंजना पयासी ,भरत पांण्डेय, गणेश साकेत, आषीश तिवारी ,रामकृष्ण सेन ,उत्तम विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर माता का हाथी पर आगमन, पालकी पर प्रस्थान

नवभारत न्यूज

**अमदरा 21 सितम्बर। मेरे राम पौड़ी धाम मैहर के गुरु जी के आशीर्वाद से ज्योतिषाचार्य ओम महाराज काशी ने बताया कि नवरात्रि का 22 सितंबर से शुरु होकर 2 अक्टूबर तक रहेगा।**

मां आदिशक्ति की आराधना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधि काल में पढ़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व शारदीय नवरात्रि इस बार 10 दोनों का होगा श्रद्धालुओं को मां की उपासना का अवसर 9 दिनों की बजाय 10 दिनों तक मिलेगा। इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि तिथि के 2 दिन पढ़ने के कारण इस बार नवरात्रि 10 दिन की होगी।

इस बार माता रानी का आगमन



हाथी पर सवार होकर होगा एवं प्रस्थान पालकी से होगा । माता रानी का आगमन में प्रस्थान दोनों शुभकारी माता रानी हर वर्ष अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर आती है इस बार नवरात्रि में माता रानी हाथी पर सवार होकर आ रही है शास्त्रों के अनुसार देवी दुर्गा आगमन मनुष्य कल्याण के लिए अत्यंत लाभकारी है। सर्दी नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रहे हैं।

नवरात्र में प्रतिपदा तिथि पर घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि का शुभारंभ होगा इस दिन घट स्थापना के दो मुहूर्त है सुबह 6. 9 से लेकर 8.6 तक दूसरा मुहूर्त 11.49 से लेकर 12 बचकर 38 मिनट तक इन दोनों में से किसी भी मुहूर्त पर घट स्थापना होगी। नवरात्रि का पूजन अत्यंत विशेष माना जाता है एवं भक्तों के लिए अत्यधिक लाभकारी होता है क्योंकि समस्त शक्तियों की देवी का आगमन इस पृथ्वी पर होता है और उनकी सेवा समस्त भक्तगण करते हैं नवरात्रि के आगमन पर समस्त को ऐसा भाव रखना चाहिए की माता रानी का आगमन पृथ्वी पर हो रहा है तो उनके स्वागत में किसी प्रकार की कमी ना हो भक्तों को प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के भोग प्रसाद बनाकर माता रानी को खिलाना चाहिए एवं उनकी अत्यधिक सेवा करनी चाहिए।